(c) The Governor has summarised the views of the Chief Minister on the subject in para 8 of his report to the President, a copy of which has already been placed on the Table of the House along with the Proclamation issued under article 356 in relation to West Bengal.

(d) The problems arising out of the unprecedented influx of refugees from Bangla Desh as well as the problems relating to the law and order situation in West Bengal receive the highest priority and all possible steps are being taken to meet the situation

एटा और आगरा के बीच सीधा टेलीफोन सम्पर्क

4109. **श्री महादीपक सिंह :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश मे जिला एटा और आगरा कमीशनरी के बीच सीधी टेलीफोन सेवा नही है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इस बारे मे क्या कार्यवाही की गई है अथवा करने का विचार है ?

संचार मंत्री (श्री हेमवती नंदन बहुगुणा): (क) एटा और आगरा के बीच सीधी ट्रंक टेलीफोन लाइन पहले ही मौजूद है ।

(ख) प्रश्न ही नही उठता ।

सहरसा जिला (बिहार) के सहरसा स्थान पर सार्वजनिक टेलीफोन कार्यालय और तारघर की स्थापना

4110. **श्री चिरंजीव झा :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार के सहरसा जिले में माप तिहाई में एक सार्वजनिक टेलीफोन कार्यालय और तारघर स्थापित करने के बारे मे आदेश पहले ही जारी कर दिये गये है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त आदेश किस तारीख को जारी किये गये थे और वहां अब तक उपर्युक्त सुविधाओं की व्यवस्था न किये जाने के क्या कारण हैं;

(ग) वहां उक्त सुविधाओं की व्यवस्था कब तक किये जाने की सम्भावना है ; और

(घ) सहरसा जिले मे और किन—किन स्थानो पर सार्वजनिक टेलीफोन कार्यालय तथा तारघर स्थापित करने का प्रस्ताव है और उक्त कार्यालय वहा कब काम आरम्भ कर देंगे ?

संचार मंत्री (श्री हेमवती नंदन बहुगुणा): (क) जी हा ।

(ख) माप तिहाई में तारघर व सार्वजनिक टेलीफोन घर खोलने के प्रस्ताव की मंजूरी 7-9-1970 को दी गई थी । कुछ आवश्यक सामान के उपलब्ध न होने के कारण यह काम नही किया जा सका ।

(ग) मापतिहाई मे तार और टेलीफोन की सुविधाओ की शीघ्र व्यवस्था करने के लिए प्रयत्न किए जा रहे हैं ।

(घ) सहरसा जिले के अन्य स्थानो पर सार्वजनिक टेलीफोन घर खोलने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नही हैं । फिर भी, सहरसा जिले के निम्नलिखित स्थानो पर तार सुविधा की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है :—

(1) हरदी; (2) महीसी; (3) रजनी; (4) महमादगंज, (5) श्रीपुर; (6) सुखासन; (7) जीरवा; (8) कोरीपट्टी ।

कुछ आवश्यक सामान के उपलब्ध न होने के कारण उपर्युक्त स्थानों पर तार घर खोलने की कोई निश्चित तारीख बता सकना संभव नही है ।